04 ये कैसा प्रतिबंध? सरकारी जमीन पर...




07 इटारसी में सांसद के अल्टीमेटम से झुका रेलवे...





## मध्यप्रदेश के 'मोहन भैया' का वादा: लाड़ली बहनों की राशि और बढ़ाएगी सरकार

# सिवनी मालवा की 'दाल-बाटी' के मुरीद हुए सीएम, एक हजार करोड़ की सौगात दी

सिवनी मालवा में लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे सीएम मोहन यादव ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया इस दौरान सीएम स दौरान उन्होंने बहुप्रतीक्षित नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी। वहीं उन्होंने मंच से क्षेत्र के नागरिकों को संबोधित भी किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा/नर्मदापुरम

गुरुवार को जिले के सिवनी मालवा पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव का देसी अंदाज भी देखने को मिला। उन्होंने खुले मंच से सिवनी मालवा के खान-पान की जमकर प्रशंसा की। डॉ. यादव ने कहा, सिवनी मालवा की दाल-बाटी का स्वाद और असली घी का असली मजा यहीं है। मुख्यमंत्री ने सिवनी मालवा में आयोजित विशाल रोड शो और आमसभा के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ से अधिक के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने बहुप्रतीक्षित नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी, जो क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनता से भावनात्मक जुड़ाव भी बनाया।




### लाडली बहनों के चेहरे पर खिली मुस्कान

सीएम के संबोधन के दौरान सभा स्थल 'मोहन भैया' की तख्तियों से पटा नजर आया। जैसे ही मुख्यमंत्री ने राशि बढ़ाने की बात कही, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। लाड़ली बहनें विशेष रूप से अपने 'भैया' के स्वागत के लिए संदेश लिखी तख्तियां लेकर पहुंची थीं, जो चर्चा का विषय रहीं। सीएम ने लाड़ली बहनों को बड़ी सौगात देने का संकेत दिया है। उन्होंने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना की राशि में लगातार बढ़ोतरी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने क्षेत्र के लिए कई अन्य निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। मार्ग निर्माण की मंजूरी मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

### भीड़ जुटाने में फेल हुए विधायक वर्मा



एक हजार करोड़ की सौगात देने सिवनी मालवा आए मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्यातिथ्य वाले आयोजन में भले ही लाखों रूपये खर्च गए हो। लेकिन आयोजन पंडाल और रोड़ शो में पर्याप्त नागरिकों की भीड़ नहीं आने से कार्यक्रम कुछ फीका सा लगा। जिसका सीधा जिम्मेदार कुछ खुली और कुछ दबी जुबान से लोगों ने विधायक प्रेमशंकर वर्मा को बताया। लोगो का कहना था कि विधायक ने उतनी सक्रियता और तत्परता नहीं दिखाई जितनी अपेक्षित थी। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा जिले भर से बुलाई भीड़ ने कुछ हद तक नाक बचाई। लेकिन जिस क्षेत्र में सीएम आए थे वहां के नागरिकों की अल्प उपस्थिति और विधायक खेमे की निष्क्रियता चर्चा का विषय रही।

### हनुमान मंदिर में पूजा और भव्य रोड शो

मुख्यमंत्री ने अपने प्रवास की शुरुआत नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। इसके पश्चात वे फूलों से सजे रथ पर सवार होकर जनदर्शन के लिए निकले। स्तंभ चौक, नर्मदा मंदिर चौक और नगर पालिका कार्यालय होते हुए बस स्टैंड तक निकले इस रोड शो में लाड़ली बहनों और नागरिकों ने उन पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

### किसानों की समृद्धि हमारी प्राथमिकता

कृषि उपज मंडी में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए किसानों की समृद्धि और ग्रामीण विकास सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, "नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी, जिससे व्यापार और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।"

### प्रभारी मंत्री सहित विधायक रहे मौजूद

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ प्रदेश के लोनिवि मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, नर्मदापुरम इटारसी विधायक एवं मप्र विस पूर्व अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पीयूष शर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन, कलेक्टर सोमेश सोमेश मिश्रा, एसपी साईं कृष्णा एस थोटा के नेतृत्व में संपूर्ण जिला प्रशासन सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### आशा कार्यकर्ताओं को थाने में किया बंद

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रही आशा और उषा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने के गेट पर ताला लगा दिया। कार्यकर्ताओं का आरोपी की उन्हें एसडीएम से चर्चा के बहाने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया गया और फिर वहां से सीधे थाने ले जाया गया।



### विधायक पर 'स्वार्थ' का आरोप लगाते हुए दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन के बीच सिवनी मालवा की राजनीति में बड़ा उलटफेर हो गया है। दशकों से भाजपा को सींचने वाले निष्ठावान कार्यकर्ताओं का पार्टी से मोहभंग हो गया और उन्होंने विधायक की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर सामूहिक रूप से कांग्रेस की सदस्यता ले ली। 30-30 सालों से भाजपा के लिए पसीना बहाने वाले कार्यकर्ताओं ने विधायक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि क्षेत्र के वर्तमान विधायक केवल अपनी उन्नति में व्यस्त हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विधायक जी को उन लोगों की कोई सुध नहीं है, जिन्होंने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। उन्होंने कहा सालों की सेवा के बाद भी गरीबों के राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और शिक्षा की हालत बदतर है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब भाजपा में केवल व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे मजबूर होकर उन्हें जनसेवा के लिए कांग्रेस का दामन थामना पड़ा।



**नर्मदापुरम में 'ऑनर किलिंग' जैसी वारदात**

# बेटी से जबरन शादी करने वाले की बेरहमी से हत्या, कुएं में फेंका

**मामले में पुलिस ने 4 अरोपियों को किया गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनखेड़ी/नर्मदापुरम

कानून से बचकर बाहर आए एक आरोपी को पीड़िता के परिवार ने 'मौत की सजा' सुना दी। बनखेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम अन्हाई में एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है, जहां रेप के आरोपी विश्वास उर्फ छोटू गुर्जर (24) की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप किसी और पर नहीं, बल्कि उसी युवती के परिजनों पर लगा है जिसका विश्वास ने शोषण किया था। कानून की गिरफ्त से छूटकर पीड़िता ओर उसके परिवार को फिर से चुनौती देना मृत युवक को भारी पड़ गया।

### जमानत मिलते ही फिर शुरू की प्रताड़ना

पुलिस के अनुसार, विश्वास ने युवती को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म किया था एवं उसे जबरन घर से ले जाकर शादी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने धारा 87 और 351(3) BNS के तहत केस दर्ज कर विश्वास को जेल भेजा था। लेकिन जेल से बाहर आते ही उसने फिर से पीड़िता को परेशान करना शुरू कर दिया। तंग आकर पीड़िता के पिता, भाई और जीजा ने खौफनाक साजिश रची। 12 अप्रैल की रात आरोपियों ने विश्वास का अपहरण किया, बेरहमी से मारपीट की और फिर गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने पहचान छिपाने के लिए लाश को नग्न कर नंदवाड़ा के जंगल में एक 30 फीट गहरे कुएं में फेंक दिया गया।

#### गिरफ्तार हुए अरोपी

- प्रकाश 50 वर्ष, पिता बड्डा गुर्जर, निवासी जमुनिया रनधीर
- राजेश 25 वर्ष पिता प्रकाश गुर्जर निवासी जमुनिया रनधीर
- दिनेश उर्फ बाबू 30 वर्ष पिता गुलाब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम नंगवाड़ा,
- अभिषेक 35 वर्ष पिता धन्नू गुर्जर

### पुलिस की सख्ती के आगे टूटा परिवार

शुरुआत में आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की पूरी कोशिश की, लेकिन एसपी सांई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन में जब एसआई मनमोहन ठाकुर ने सख्ती दिखाई, तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने पिता, भाई और जीजा सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रस्फुटन समिति खारदा ने किया श्रमदान

**माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम पंचायत खारदा द्वारा सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम खारदा में नवांकुर संस्था अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया।

## जीनियस प्लानेट स्कूल का कक्षा 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा, सानिका ने अर्जित किए 95.6% अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गये। इस परिणाम में जीनियस प्लानेट स्कूल के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के 74 विद्यार्थियों ने इस वर्ष 10 वी का एग्जाम दिया था। यह सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

सानिका अग्रवाल 95.60% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही है। दीक्षा मांझी 95% से द्वितीय स्थान, हर्षिता रैकवार 94.80% से तृतीय स्थान पर रही। नमन सुरजिया 93.20% के साथ चौथे स्थान पर और आदित्य चौहान 92% के साथ पांचवे स्थान पर रहे है। हर्षिता रैकवार जहां स्कूल में तीसरे स्थान पर रही है। वही हर्षिता सोशल साइंस में 100 में से 100 मार्क्स प्राप्त किए तथा दीक्षा मांझी ने आई टी में 100 अंक लाकर स्कूल को गौरन्वित किया है।

इस दौरान परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धी पर स्कूल डायरेक्टरद्व जाफर सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी, प्राचार्य ममता छिकारा तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनेकों अनेक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

### भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**इटारसी।** जिला सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर दूसरी लाइन स्थित परशुराम भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार रात सर्वब्राह्मण महिला संगठन द्वारा बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की झांकियां और नृत्य प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक मंडल में कल्पना शर्मा, माधवी मिश्रा, साधना दुबे, नीरू मिश्रा, वंदना ओझा, ज्योति शर्मा, इंदिरा तिवारी, कुसुम तिवारी, अजीता शुक्ला एवं पद्मा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का स्वागत भाषण अध्यक्ष रेखा दुबे द्वारा दिया गया, जबकि मंच संचालन सचिव पूनम तिवारी एवं हेमा पुरोहित ने किया। अंत में रचना मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रानी उपाध्याय, मोना अवस्थी, श्वेता मिश्रा, अभिलाषा तिवारी, अर्चना शर्मा, शीतल दुबे, पूजा तिवारी एवं मंजुला तिवारी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनोहारी झांकियों की प्रस्तुती दी।

### मिराज क्लब का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**नर्मदापुरम।** शहर के सबसे पुराने क्लबो मे से एक मिराज क्लब द्वारा दिव्य परिसर मैरिज गार्डन मे संभागीय क्रिकेट से जुड़ी प्रतिभाओ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे नर्मदापुरम संभागीय क्रिकेट संघ के संरक्षक राकेश फौजदार, अध्यक्ष कपिल फौजदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीतेन्द्र पाठक, पूर्व चेयरमेन रोहित फौजदार, मप्र क्रिकेट संघ के कार्यकारी सदस्य अनुराग मिश्रा, एनडीसीए उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, एनडीसीए सचिव प्रदीप तोमर, मप्र क्रिकेट संघ के लाइफ टाइम मेम्बर अनंत तिवारी, बैतूल क्रिकेट संघ अध्यक्ष डा नितिन देशमुख, नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मे नर्मदापुरम क्रिकेट संघ से जुड़े खिलाडियों एवं सदस्यों के निधन पर उन्हे याद कर उनकी स्मृति मे वृक्षारोपण किया गया। मिराज क्लब की और से संस्थापक सदस्य अनिल दीक्षित, योगेश परसाई द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे ग्राउंडसमेन, कोच एवं खिलाडियों का सम्मान किया गया। आयोजन समिति के आलोक कुलश्रेष्ठ ने अपने स्वागत भाषण मे मिराज क्लब की स्थापना से लेकर वर्तमान समय मे मिराज क्लब के खिलाडियों की उपलब्धि बताते हुए जानकारी दी कि क्लब सहित संभाग के लगभग पंद्रह खिलाडी मप्र प्रीमियर लीग मे हिस्सा ले रहे है। जो की विभिन्न टीमों का प्रतिनोधित्व कर रहे है। वहीं संभागीय क्रिकेट टीम द्वारा इंदौर को इंदौर मे हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए मप्र विजेता बनने का गौरव हासिल किया जिसके लिए पुरी टीम को सम्मानित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीतेन्द्र पाठक द्वारा अपने खेल जीवन से जुड़े किस्से सुनते हुए खिलाडियों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम को रोहित फौजदार, अनुराग मिश्रा, नितिन देशमुख और मप्र डीजीपी इलेवन के कप्तान केजी शर्मा द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

**नपाध्यक्ष ने जल निकासी व्यवस्था निरीक्षण किया**

# जलभराव से मुक्ति होगी: चौर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने और वर्षा ऋतु में आमजन को सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद इटारसी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। स्वच्छता और जनसुविधा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार सुबह 08:30 बजे सूरजगंज स्थित एफसीआई परिसर का औचक निरीक्षण किया।

### समाधान की ओर कदम

सूरजगंज और आसपास के वार्डों की जल निकासी व्यवस्था काफी हद तक एफसीआई परिसर के भीतर स्थित मुख्य नाले पर निर्भर है। विगत वर्षों के अनुभवों को देखते हुए चौरे ने इस बार समय से पूर्व ही ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाले में जमा गाद और कचरे के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो सकता है।





नए ठेकों के बावजूद पुरानी जगह पर शराब की दुकानें संचालित, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

# ये कैसा प्रतिबंध? सरकारी जमीन पर अहाते

## अहातों पर प्रतिबंध फिर भी सरकारी जमीन पर खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




आबकारी विभाग ने शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया तो लगभग पूरी कर ली है, लेकिन इन दुकानों के संचालन की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। यही वजह है कि ठेके के बाद ये शराब दुकानें सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण कर चलाई जा रही है। ऐसा नहीं है कि ये पहली बार हो रहा है। इससे पहले भी शराब दुकानें, इन सरकारी जमीनों पर संचालित होती रही है, लेकिन इसकी तरफ प्रशासन ने अब तक कोई ध्यान ही नहीं दिया।

नतीजतन शराब ठेका लेने वाले अपनी मनमर्जी से दुकानें संचालित कर रहे हैं। इससे सरकार को एक तरफ शराब के ठेकेदार से राजस्व की प्राप्ति हो रही है, लेकिन दूसरी तरफ इन दुकानों के संचालित होने से राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों के पास इस संबंध में शिकायतें पहुंचने के बावजूद बात आई-गई हो जाती है। ठेकेदार मजे से सरकारी जमीनों पर दुकानें संचालित कर मोटा मुनाफा कमाते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि बैतूल जिले की शराब दुकानें करीब 3 सौ करोड़ रुपए से ठेके पर ली जाती है। बैतूल जिले में कुल 61 दुकानों की नीलामी होनी थी, जिसमें से 57 दुकान का ठेका दिया जा चुका है। चार दुकान बची हुई है जिसमें बैतूल गंज-1, आमला-1, बगडोना एवं सारणी की दुकान का ठेका अभी तक नहीं हो पाया है। इधर बैतूल में शराब दुकानों के निष्पादन में लापरवाही पर आबकारी आयुक्त दीपक कुमार सक्सेना ने जिला आबकारी अधिकारी अंशुमन चिढ़ार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया में अपेक्षित परिणाम न मिलने और शासन के राजस्व हित प्रभावित होने के कारण की गई है।

### इन सरकारी जमीनों पर संचालित हो रही दुकान

बैतूल शहर के सदर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे लाइन के किनारे की सरकारी जमीन पर शराब दुकान संचालित होते हुए देखी जा सकती है। जानकारी के अनुसार अन्य स्थानों पर भी सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से शराब दुकान संचालित की जा रही है। प्रशासनिक जिम्मेदारों के माध्यम से भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसके कारण सरकारी जमीनों पर शराब दुकानें धड़ल्ले से चल रही है। सवाल उठता है कि आबकारी विभाग ठेकेदारों को शराब बेचने का लाइसेंस देती है, लेकिन ठेकेदार इसे जमीन का लाइसेंस समझ बैठते हैं। इससे वे अवैध रूप से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान संचालित करते रहते हैं, नियमानुसार ठेकेदारों को खुद ही अपनी शराब दुकान का इंतजाम करना चाहिए, लेकिन शासकीय काम और ठेके की आड़ में एग्रीमेंट का उल्लंघन करते हुए कहीं भी सरकारी जमीनों पर दुकान खड़ी कर दी जाती है। अब ठेके बदल रहे हैं, लेकिन शराब दुकान उन्हीं सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर चल रही है।

### आहतें भी सरकारी जमीन पर हो रहे संचालित

बैतूल जिले में केवल शराब दुकानें ही सरकारी जमीन पर संचालित नहीं हो रही है बल्कि पूरे प्रदेश में बंद हो चुके आहते भी इन शराब दुकानों के आस-पास व आगे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। कोठीबाजार के बस स्टैंड पर भी गुपचुप तरीके से रेस्टोरेंट के नाम पर आहता चलाया जा रहा है। आबकारी अमला व पुलिस इसकी पड़ताल करें, तो जरूर सफलता मिलेगी।

### जमीन नजूल की...

वह जमीन तो नजूल की है, परंतु नजूल की जमीन पर अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई तहसीलदार के माध्यम से की जाती है, वे ही अतिक्रमण हटाएंगे। इस संबंध में आप उनसे संपर्क कर लीजिए।

**मकसूद अख्तर**, संयुक्त कलेक्टर एवं नजूल अधिकारी, बैतूल

### लिखित शिकायत पर कार्रवाई

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला नजूल विभाग देखता है और रही बात अवैध अहाता चलाए जाने की, तो पूरे प्रदेश में आहता चलाए जाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। यदि इसके बावजूद आहता चलाया जा रहा है, तो आप इसकी लिखित शिकायत कीजिए मैं जांच करवाकर कार्रवाई करवाऊंगी।

**लीला सिंग मुकाती**, प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी, बैतूल

---

तारों की स्पार्किंग से भड़के शोले

# खेत में अचानक लगी आग बुझा रहा किसान झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बीजादेही थाना क्षेत्र के टांगना मॉल निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव अपने ही खेत में लगी आग बुझाने के दौरान झुलस गए। बताया जा रहा है कि उनके खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में झूलती तारों से हुई स्पार्किंग के कारण कटाई के बाद बचे फसल अवशेष में अचानक आग लग गई।



आग लगते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और सामूहिक रूप से आग बुझाने में जुट गए। इसी दौरान दिनेश यादव भी आग बुझाने में लगे, लेकिन लपटों की चपेट में आकर झुलस गए। घटना के बाद उन्होंने बताया कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो नुकसान और बढ़ सकता था। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाकर किसानों पर जुर्माना लगा रही है, वहीं दूसरी ओर इन अवशेषों के प्रबंधन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। खेत में बचे अवशेष को बिना जलाए हटाने के लिए किसानों को कई बार कल्टीवेटर और रोटावेटर चलाना पड़ता है, जिससे लागत बढ़ जाती है और खेती महंगी हो रही है। दिनेश यादव ने मांग की कि सरकार किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र सब्सिडी पर उपलब्ध कराए, ताकि वे बिना जलाए अवशेष का प्रबंधन कर सकें और भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने विद्युत कंपनी से भी खेतों के ऊपर से गुजर रही लाइनों और झूलती तारों को दुरुस्त करने की मांग की, क्योंकि उनके अनुसार अधिकांश आग की घटनाएं इसी कारण होती हैं।

---

# बीसीघाट में बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने से पालकों का इनकार, जमकर विरोध

## बर्खास्त सहायिका की दोबारा नियुक्ति पर मचाया बवाल

### परियोजना अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, तत्काल हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



आमला क्षेत्र के ग्राम बीसीघाट में आंगनबाड़ी सहायिका की दोबारा नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत कोठिया के ग्रामीणों ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास आमला को ज्ञापन सौंपकर सहायिका कृष्णी यादव की नियुक्ति रद्द करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सहायिका को पहले गंभीर लापरवाही और अनियमितताओं के चलते पद से हटा दिया गया था। उस समय बच्चों को आंगनवाड़ी में कुत्ते का जूठा पानी पिलाने जैसे गंभीर आरोप सामने आए थे, जिसकी पुष्टि के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने अपने बच्चों को आंगनवाड़ी भेजना भी बंद कर दिया था अब ग्रामीणों का आरोप है कि 14 मार्च 2026 से उसी सहायिका कृष्णी यादव को पुनः आंगनबाड़ी केंद्र बीसीघाट में नियुक्त कर दिया गया है। इससे गांव में एक बार फिर रोष की स्थिति बन गई है। पालकों ने दो टूक कहा है कि जब तक उक्त सहायिका को हटाया नहीं जाता, वे अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजेंगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि हाल ही में सहायिका द्वारा चप्पल पहनकर बच्चों को भोजन परोसा गया, जो साफ तौर पर लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि कृष्णी यादव को तत्काल पद से हटाया जाए और उसकी जगह किसी योग्य एवं जिम्मेदार सहायिका की नियुक्ति की जाए। ज्ञापन देने वालों में बबलू, शिवरती, रमेश, कलीराम, राजेश सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

---

अर्पित 97% के साथ अव्वल

# शत-प्रतिशत से सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी

81 में से सभी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण




### ब्रज अक्षय पांडे एवं अक्षरा श्रीवास्तव 96% के साथ दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में जिले के अग्रणी सीबीएसई स्कूल, सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है और यहां के सभी 81 विद्यार्थी सफल रहे हैं। अर्पित खंडेलवाल ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ब्रज अक्षय पांडे और अक्षरा श्रीवास्तव ने 96 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पाया। सार्थक ने 95 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में यथार्थ पंडागरे ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि आरुष साहू और वेदिका गोचरे ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा और प्राचार्या डॉ. ऋतु वाजपेयी सहित पूरे सतपुड़ा वैली परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# घोड़ाडोंगरी के 13 हाई स्कूलों को नए भवन, 51.51 करोड़ रुपए स्वीकृत

## 10-15 साल से बिना भवन के चल रहे थे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर/भौरा

घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूलों के लिए बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र के 13 हाई स्कूलों के लिए नए भवन निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन ने इसके लिए कुल 51 करोड़ 51 लाख 38 हजार रुपए की राशि मंजूर की है। प्रत्येक स्कूल भवन के निर्माण के लिए 3 करोड़ 96 लाख 38 हजार रुपए आवंटित किए गए हैं। लंबे समय से इन स्कूलों में भवन की कमी के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के कई हाई स्कूल पिछले 10 से 15 वर्षों से संचालित हो रहे थे, लेकिन पर्याप्त भवन और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। नए भवन बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और सुविधाएं मिल सकेंगी। विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के समक्ष पत्र लिखकर मांग रखी थी। इसके साथ ही उन्होंने बजट सत्र 2025-26 के दौरान विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया था। स्वीकृति मिलने के बाद विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय



शाह के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया।

### इन स्कूलों में बनेंगे नए भवन

शाहपुर विकासखंड के अंतर्गत कुण्डी, मण्डई बुजुर्ग और पहावाड़ी शामिल हैं। घोड़ाडोंगरी विकासखंड में खदारा, राजेगांव खापा, दूधावानी, शक्तिगढ़, भोगई खापा, चारगांव, रामपुर और चिखली आमढाना आते हैं। वहीं चिचोली विकासखंड के अंतर्गत देवपुर कोटमी और गवासेन शामिल हैं। 13 स्कूलों के लिए कुल 51.51 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है।

---

## जिले में स्वास्थ्य शिविरों का होगा आयोजन

**बैतूल।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से बैतूल जिले में 20 स्वास्थ्य शिविर लगाने की प्राप्त स्वीकृति के परिपालन में 16 अप्रैल से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि सिविल अस्पताल आमला में 16 अप्रैल को स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में 18 अप्रैल, आठनेर में 22 अप्रैल, भीमपुर में 23 अप्रैल, चिचोली में 25 अप्रैल, घोड़ाडोंगरी में 29 अप्रैल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरदेही में 2 मई को शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांवलमेढा में 4 मई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिडली में 7 मई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दामजीपुरा में 9 मई, चिरापाटला में 13 मई, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक वार्ड-14 पाथाखेड़ा में 15 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में 18 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभात पट्टन में 20 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेड़ीसांवलीगढ में 22 मई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मासोद में 25 मई, मंगल भवन सांईखेड़ा में 28 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में 30 मई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैतूल बाजार में 3 जून एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भौंरा में 5 जून 2026 को शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मनोरोग चिकित्सक, एमडी मेडिसिन, दंत रोग चिकित्सक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जायेगी। डिजिटल हेल्थ आईडी, आयुष्मान कार्ड अन्य स्वास्थ्य जांच, मलेरिया, टीबी, सिकल सेल स्क्रीनिंग ब्लड जांच, एक्स-रे, परिवार कल्याण काउंसलिंग की जाएगी। सीएमएचओ डॉ.हुरमाड़े ने आमजन से स्वास्थ्य शिविरों का लाभ लेने की अपील की है।

---

# सेकेंड ऑफिसर पद पर पदोन्नत हुए ओम द्विवेदी

## रचनात्मकता व जीरो एरर कार्यशैली बनी आधार

**बैतूल।** नर्मदापुरम स्थित 13 मप्र बटालियन एनसीसी में आयोजित गरिमापूर्ण रैंक सेरेमनी में उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल के एनसीसी अधिकारी ओम द्विवेदी को सेकेंड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत किया गया। समारोह के दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस पी सिंह एवं एडम ऑफिसर ले. कर्नल विवेक चुंदावत ने उनके कंधों पर सितारे लगाकर इसे औपचारिक रूप प्रदान किया। द्विवेदी को यह उपलब्धि डीजी एनसीसी नई दिल्ली व कार्यालय बटालियन से सौंपे गए दायित्वों के समयाविधि व ज़ीरो एरर कार्यशैली के लिए मिली। भारतीय सेना से जुड़े लोग कहते है कि काम इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे, इसी बात को एनसीसी अधिकारी ओम द्विवेदी ने अपने निरंतर परिश्रम, सेनानुरूप कार्य और समर्पण से सही साबित किया। लगभग 2 वर्ष के अल्पकाल में ही एनसीसी के साप्ताहिक प्रशिक्षणो के उत्कृष्ट संचालन, वार्षिक शिविरों में कैडेट्स का अनुशासित एवं शानदार प्रदर्शन और संबंधित गतिविधियों में नवाचार इस पदोन्नति का आधार बना। एनसीसी से जुड़ी सामुदायिक गतिविधियों में आधुनिक व रचनात्मक प्रयोगों ने भी उन्हें विशेष पहचान दिलाई, जिसकी प्रशंसा कमान अधिकारी द्वारा पूर्व में भी की जा चुकी है। विगत वर्ष में आयोजित पहले व दूसरे दोनों शीतकालीन शिविरों में



अपने शानदार प्रदर्शन से उत्कृष्ट विद्यालय के कैडेट दल ने सर्वश्रेष्ठ दल का पुरस्कार जीता था। साथ ही दूसरे शिविर में सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार भी उत्कृष्ट विद्यालय के कैडेट को ही मिला। गौरतलब है कि इस वर्ष 10वी कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय के एक एनसीसी कैडेट ने प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

---

# नरवाई प्रबंधन में स्ट्रॉ रीपर के प्रदर्शन से किसानों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशन में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने के गुरुवार को उद्देश्य से ग्राम स्तर पर स्ट्रॉ रीपर यंत्र का जीवंत प्रदर्शन एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। मुलताई विकासखंड के ग्राम सर्रा में आयोजित कार्यक्रम में कृषक श्री चंद्रशेखर बारपेटे ने आधुनिक कृषि यंत्रीकरण अपनाकर न केवल खेती की लागत कम करने का उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन में भी उत्कृष्ट कार्य किया। उनके खेत में गेहूं कटाई के बाद स्ट्रॉ रीपर से नरवाई प्रबंधन का प्रदर्शन किया गया, जिससे मात्र 4-5 इंच अवशेष बचा और खेत अगली फसल के लिए तुरंत तैयार हो गया।

कार्यक्रम में सहायक कृषि यंत्री डॉ. प्रमोद कुमार मीना ने किसानों को यंत्र की कार्यप्रणाली तथा शासन की अनुदान योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से नरवाई जलाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। इसी क्रम में ग्राम हेटी में भी नरवाई प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई, जहां स्ट्रॉ रीपर के फील्ड प्रदर्शन के साथ किसानों को इसके लाभ समझाए गए। कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई के बाद स्ट्रॉ रीपर के उपयोग से नरवाई को भूसे में परिवर्तित किया जा सकता है, जो अतिरिक्त आय का स्रोत बनता है। कृषक श्री जगदीश धोड़के ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने लगभग 200 ट्रॉली भूसा तैयार किया, जिसे 2200 रुपये प्रति ट्रॉली की दर से बेचकर लगभग 4,40,000 रुपये की आय अर्जित की, जिसमें से 2,50,000 रुपये शुद्ध लाभ रहा। इसके अलावा प्रति एकड़ 15 से 35 किलो तक बचा गेहूं भी प्राप्त होता है, जिससे 375 से 1250 रुपये तक अतिरिक्त लाभ संभव है। कार्यक्रम में किसानों से नरवाई न जलाने की अपील करते हुए स्ट्रॉ रीपर, रीपर कम बाइंडर, हैप्पी सीडर/सुपर सीडर, रोटावेटर एवं मल्चर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर जोर दिया गया। इस अवसर पर तकनीकी शाखा प्रभारी श्री इंद्रभान सिंह, तकनीकी सहायक श्री तुषार राठौर, श्री प्रवीण विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के किसान श्री जगदीश धोड़के, ओम सूर्यवंशी, रमेश महाजन, श्री उमेश गड़ेकर, रमेश नरवरे, विकास वानखेडे उपस्थित रहे।

---

कलेक्टर ने पंचायतों को दिए सख्त निर्देश, लापरवाहों पर कार्रवाई

# जल संरक्षण को दें प्राथमिकता, राजस्व प्रकरणों में देरी पर रीडर को नोटिस, गेहूं की गुणवत्ता परखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को भीमपुर के दूरस्थ ग्राम गदाखार का भ्रमण कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से नल-जल योजना, आंगनबाड़ी केंद्र संचालन, पोषण आहार वितरण, स्वास्थ्य जांच एवं स्कूल व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अक्षत जैन एवं एसडीएम श्री अजीत मरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पंचायत के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर नीचे जा रहा है, वहां वाटर रिचार्ज के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं।

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से पोषण ट्रैकर एप की मौके पर जांच कराई, जिसमें नव धात्री माताओं का पंजीयन अपूर्ण पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी धात्री माताओं का समय पर पोर्टल



पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें नियमित रूप से पोषण आहार मिल सके। साथ ही सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को ऐप की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम में संचालित ह्लएक बगिया मां के नामह्व कार्य का स्थल निरीक्षण कर जलकुंड, पौधरोपण एवं नाडेप की गुणवत्ता का जायजा लिया।

### तहसील कार्यालय में लापरवाह रीडर को नोटिस किया जारी

भीमपुर स्थित नवीन तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख दुरुस्ती जैसे राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। प्रकरणों के निराकरण में देरी पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने तहसीलदार रीडर को नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रकरणों का समयसीमा में प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### खरीदी केंद्र पर गेहूं की गुणवत्ता जांची

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने बालाजी वेयरहाउस भीमपुर स्थित खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर गेहूं की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उपार्जन एवं भंडारण किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सभी खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### आदर्श ग्राम पिपरिया में नल-जल व्यवस्था की समीक्षा

कलेक्टर ने आदर्श ग्राम पिपरिया का भी भ्रमण कर ग्रामीणों से नल-जल योजना की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि पानी संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए और पर्याप्त संसाधनों के बावजूद योजना बंद रहने जैसी स्थित निर्मित न हो।

## खबर संक्षेप

### गजेंद्र ने बढ़ाया ग्राम और समाज का नाम


गजेन्द्र यादव

**माखन नगर।** ग्राम बज्जरवाड़ा के कृषक दिनेश यादव के पुत्र गजेंद्र यादव ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 500 में से 471( 94%) अंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण की है गजेंद्र की सफलता पर शाला परिवार एवं परिजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है l

### साक्षी अहिरवार ने दसवीं में प्राप्त किए 89% अंक



साक्षी अहिरवार

**माखन नगर।** सेठ शंकर लाल हाई स्कूल सांगा खेड़ा खुर्द की छात्रा कुमारी साक्षी अहिरवार सेवक राम अहिरवार ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 में ग्रामीण परिवेश में अध्ययन करते हुए 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्तीर्ण कर विद्यालय को गौरवान्वित किया, उनकी सफलता पर उन्हें ग्राम के लोगों एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### ज्ञानसागर इंटरनेशनल का परिणाम रहा उत्कृष्ट


राजीव ठाकुर


प्रयाग बानवंशी


हिमांशु धाकड़

**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र के ज्ञानसागर इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा है। स्कूल के विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने सफलता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. कविता पटेल एवं प्राचार्या अंजलि अभिलाषा सीजर ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और पूरे शिक्षक स्टाफ को हार्दिक बधाई दी है। दोनों ने बताया कि राजवीर ठाकुर ने 94%, प्रयाग बानवंशी ने 92%, हिमांशु धाकड़ ने 86%, इशिका पटेल ने 79%, आशी राजपूत ने 78%, कृष्णा रघुवंशी ने 78%, इतिका सैनी ने 77%, सुमित रघुवंशी ने 77%, कृष्णा गुप्ता ने 73%, जातिन गुप्ता ने 63%, आदित्य सराठे ने 62% अंक प्राप्त किते हैं। शेष विद्यार्थियों ने भी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हो संस्था का मान बढ़ाया है। शाला प्रबंधन ने इसे शिक्षकों का अथक प्रयास व बच्चों का समर्पण बताया है। ज्ञानसागर परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## सड़क का डामरीकरण और सुधार कार्य हुआ प्रारंभ

# इटारसी में सांसद के अल्टीमेटम से झुका रेलवे, अब धूल-गड्ढों से मिलेगी निजात

गत दिनों सांसद माया नारोलिया के द्वारा रेलवे प्रशासन को दिये गये निर्देश के बाद रेलवे ने सडक को सुगम बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली यूनियन ऑफिस से माल गोदाम रोड के निर्माण में हो रही कछुआ चाल को लेकर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के कड़े रुख और 24 घंटे के अल्टीमेटम के बाद, आखिरकार रेलवे प्रशासन की कुंभकर्णी नींद खुली और गुरुवार से धरातल पर सड़क निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ हो गया है।

### दो चरणों में होगा कायाकल्प

रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में यूनियन ऑफिस से लेकर माल गोदाम तक की रोड का डामरीकरण और सुधार कार्य शुरू किया गया है। द्वितीय चरण में इसके पश्चात मालगोदाम से ठंडी पुलिया और अगले हिस्से का कार्य किया जाएगा, जिससे जल्द ही वाहन चालकों को गड्ढों और उड़ती धूल से स्थायी निजात मिलेगी। बारिश के मौसम में भी सुविधा होगी।



### कंचन होटल के पास सुरक्षा सर्वोपरि

सांसद माया नारोलिया ने अपने पत्र में उन नुकीले सरियों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का भी कड़ा संज्ञान लिया था। अब ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो। भूमिपूजन के दो माह बाद काम शुरू होने से नागरिकों में उत्साह है। राज्यसभा सांसद के कड़े पत्र और मीडिया के निरंतर दबाव ने यह सुनिश्चित किया है कि अब इटारसी की जनता को और अधिक धूल नहीं फांकनी पड़ेगी। कुछ ही दिनों के इंतजार के बाद शहरवासी एक सुगम और आधुनिक सड़क पर अपने वाहनों से फर्राटा भर सकेंगे।

### पुलिस प्रशासन भी अलर्ट, शाम को लगेंगे विशेष पॉइंट

ट्रैफिक की बढ़ती समस्या को देखते हुए इटारसी थाना प्रभारी ने सक्रियता दिखाई है। उन्होंने बताया कि शाम के समय जब ट्रैफिक का दबाव अधिक होता है, तब नीलम और आरएमएस चौराहा पर विशेष पुलिस पॉइंट लगाए जाएंगे, ताकि नागरिकों को जाम से न जूझना पड़े।

### ऑडिटोरियम रोड से आवागमन

सड़क कार्य के चलते सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक डाइवर्ट किया गया है। वर्तमान में लोगों को आवागमन के लिए ऑडिटोरियम रोड से राज टॉकीज रोड का उपयोग करना होगा। हालांकि, पोर्टर खोली रोड संकरी होने के कारण कुछ स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

## युवक की कुएं में गिरने से हुई मौत, मर्ग दर्ज कर जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र के नयागांव में हुऐ एक हादसे में 20 वर्षीय युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में बुधवार को प्रेसनोट जारी कर जांच शुरू करने की जानकारी दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचनाकर्ता रामरतन अहिरवार निवासी नयागांव सोहागपुर ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन पुनियाबाई ग्राम सतवासा में विवाहित है। वह अपने पति मोहन एवं छोटे बेटे सुरेंद्र के साथ मंगलवार शाम भाई रामरतन के घर ग्राम नयागांव में आई थी। मंगलवार शाम करीब सात बजे सुरेंद्र अहिरवार उम्र 20 वर्ष घर के पास स्थित कुएं पर मुंह धोने गया था। इसी दौरान कुएं से पानी निकालते समय सुरेंद्र का पैर फिसल गया और वह बाल्टी सहित कुएं में जा गिरा। गिरने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और युवक को बाहर निकाला। परिजन सुरेंद्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सेंट जोसेफ्स कॉन्वेंट इटारसी ने 10वीं बोर्ड में गाड़े झंडे, शत-प्रतिशत रहा परिणाम

**इटारसी।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, इटारसी ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। हाल ही में घोषित हुए कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% रिजल्ट हासिल किया है। इस गौरवशाली उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे इटारसी शहर के लिए यह गर्व का विषय बन गया है। प्रिंसिपल सिस्टर पुष्पा जॉर्ज के कुशल नेतृत्व और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राएं न केवल उत्तीर्ण हुए, बल्कि कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। इस वर्ष की प्रावीण्य सूची में नैतिक तिवारी ने 98.2% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके ठीक पीछे तन्वी ताम्रकार रहीं, जिन्होंने 98.0% अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नूरदीप सिंह ने 97.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। इन मेधावी छात्रों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयास कभी निष्फल नहीं जाते। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखा गया, जहाँ ढोल-धमाकों और मिठाइयों के साथ सफलता का जश्न मनाया गया। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर पुष्पा जॉर्ज ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के निस्वार्थ समर्पण को दिया।

## पचमढ़ी के खिलाड़ी संतोष यादव ने बैडमिंटन में जीता गोल्ड, संभाग का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हरदा में आयोजित 12वीं अधिकारी-कर्मचारी राज्य स्तरीय टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस प्रतियोगिता में पचमढ़ी के खेल शिक्षक संतोष यादव ने बैडमिंटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

### टीम का शानदार प्रदर्शन

नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी मैदान पर अपना दबदबा बनाए रखा। टीम के सदस्य अरविंद शर्मा, उमेश बरैया, राजेश बीलिया, राकेश नवडा और राकेश श्रीवास ने शानदार खेल दिखाते हुए 'विजय श्री' प्राप्त की।

संतोष यादव की इस व्यक्तिगत उपलब्धि और टीम के सामूहिक प्रदर्शन ने संभाग को गौरवान्वित किया है।



### अगला पड़ावः छतरपुर

हरदा में मिली इस जीत के बाद अब खिलाड़ियों का अगला लक्ष्य राज्य स्तरीय मुख्य प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 1 से 3 मई तक छतरपुर में आयोजित की जाएगी, जहाँ संभाग की टीम अपनी जीत के सिलसिले को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी।

### हर्ष और बधाई का माहौल

खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर शिक्षा विभाग और खेल जगत में खुशी की लहर है। जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी गजेंद्र सुराजिया और जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी ने टीम को बधाई दी।

इसके साथ ही अश्वनी मालवीय, प्राचार्य मनीष गुप्ता, रूपनारायण श्रीवास, किशन लाल उईके सहित समस्त स्टाफ ने संतोष यादव और उनकी टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### न्यायाधीश राठौर का तबादला



**इटारसी।** न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश सूर्यपाल सिंह राठौर का स्थानांतरण इंदौर हो जाने पर अधिवक्ता संघ इटारसी द्वारा गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। न्यायालय परिसर स्थित संघ कक्ष में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में श्री राठौर को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश आदित्य रावत, अनीता खजुरिया, आयुषी गुप्ता, प्राची कौरव एवं यतिन अग्रवाल सहित संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत व सचिव पारस जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। वक्ताओं ने राठौर के साथ बिताए समय और उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए पुरानी स्मृतियां साझा कीं। राठौर ने अपने संबोधन में इटारसी के कार्यकाल को सुखद बताते हुए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## शासन ने जारी की कन्यादान योजना की नई गाइड लाइन, इस वर्ष 200 जोड़े योजना से होंगे लाभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को अब सीमित कर दिया गया है। सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार पहले कहीं भी कोई भी समाज के लोगो के द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाता था।तो उन सभी जोड़ों को योजना का भरपूर लाभ मिलता था। यह विवाह सम्मेलन सिर्फ वी पी एल कार्ड धारक के लिए यह योजना बनाई थी। लेकिन कुछ समय बाद बड़े बड़े सक्षम लोग शामिल हुए लाभ लिया गया।वी पी एल का बंधन शासकीय अधिकारियों ने समाप्त कर दिया गया था। इसलिए लोग बढ़ते जा रहे थे। बढ़ते हुए खर्च तथा मनमानी पूर्ण रवैया को बंद करने के लिए शासन ने अब वर्ष 2026से फिर वी पी एल कार्ड धारक आवश्यक कर दिया गया है। तथा अब जिले भर में कुल 200जोडो का विवाह सम्मेलन आयोजित कर सकते हैं। दिनांक 19/4/2026को नगरपालिका परिषद के द्वारा क्रषि उपज मंडी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। लेकिन पिपरिया नगरपालिका में ही । पंजीकृत जोड़े जो आनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर लिया गया है। जिनमें 107 उसके बाद 16 जोडे मुस्लिम समुदाय से निकाह के लिए है। तथा 56 जोडो और है।जिन पर परिषद ने स्पष्ट किया गया है।कि 56जोडो को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। सिर्फ नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा विधायक ठाकुरदास नागवंशी के सहयोग से 56जोडो का विवाह ही संपन्न हो सकेगा 49हजार रूपए हर जोड़े को नहीं मिल सकेंगे। क्यों की पिपरिया में ही लगभग 200जोडे हो चुके हैं। लेकिन नर्मदापुरम जिला में अन्य जगहों पर भी सम्पन्न हो रहे हैं। इसलिए पिपरिया नगरपालिका परिषद के विवाह सम्मेलन में 56लोगो लाभ नहीं मिल रहा है।

### इस वर्ष 200 जोड़े होंगे लाभावित

इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रभारी मुकेश पठारिया ने बताया कि शासन द्वारा जो जिले में ही 200जोडे योजना से लाभान्वित होंगे।

### मॉडल स्कूल के गौरव जिले में तृतीय स्थान पर


रोहित मीना

**माखन नगर।** मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र रोहित मीना ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा /500/486 फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण की। शुभचिंतकों ने छात्र गौरव मीना की उत्कृष्ट उपलब्धि पर छात्र, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस कमेटी ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत क्षेत्र साडियां सिवनी सर्रा सेमरी किशोर पचलावरा माथनीसेमरीतला कांठी बुधनी सहित अन्य सभी उतर के ग्राम में बिजली विभाग द्वारा परेशान किया जा रहा है। किसान मजदूर सभी परेशान हैं। बिजली कटौती से चरमराई हुई है। जिसके कारण किसानों को फसल की लगातार परेशानी हो रही है। रबि फसल कट चुकी है।

मूंग की बोवनी के लिए किसानों के पास समय कम है। बिजली की आवश्यकता बढ़ती जा रही है। बोल्टेज ट्रांसफार्मर जले पडे है




अधिकारी कोई समाधान नहीं कर रहे हैं। इस समस्या के हल करने की बात कही है। इसलिए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान हरीश बेमन फहीम अब्दुल्ला सुनीत पुरोहित कमलेश साहु चिंकू पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद चौधरी चौधरी कमलेश कुमार नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया।

## टाइगर क्लब पचमढ़ी की 'दहाड़': आखिरी ओवर के रोमांच में जीता मुकाबला

### पहली पारीः टाइगर क्लब का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मैच की शुरुआत में टाइगर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने सधी हुई शुरुआत की और निर्धारित ओवरों में 104 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। हालांकि स्कोर बहुत विशाल नहीं था, लेकिन पिच की स्थिति को देखते हुए यह एक लड़ने लायक लक्ष्य माना जा रहा था।



### दूसरी पारीः अंतिम ओवर का ड्रामा

लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी टीम ने मैच को अंत तक खींच लिया। मुकाबला बेहद कड़ा था और अंत में समीकरण यहाँ तक पहुँच गया कि आखिरी ओवर में जीत के लिए 21 रनों की दरकार थी।

### गेंदबाजों ने पलटी बाजी

दबाव के क्षणों में टाइगर क्लब के गेंदबाजों ने अपना धैर्य नहीं खोया। सटीक लाइन-लेंथ और बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए टाइगर क्लब ने विपक्षी बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से रोके रखा और मैच को पूरी तरह अपने कब्जे में कर लिया।

## गैलेक्सी स्कूल के बच्चों ने किया परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर


गौतम कुशवाहा


राघव रघुवंशी

गैलेक्सी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर का हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 12 वीं में सभी 16 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गौतम कुशवाहा ने 83% अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अर्पित दुबे ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 2 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक, छह बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक, तीन बच्चों ने 60 प्रतिशत से अधिक और तीन बच्चों ने 55 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किए हैं। कक्षा दसवीं में राघव पटेल ने 88% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसी पटेल ने 86 अंक हासिल किए। तीन बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। कुल 28 विद्यार्थियों में से आठ ने 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। नौ बच्चों ने 60 फीसदी से अधिक तथा शेष बच्चों ने 55 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाकर सफलता प्राप्त की है। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्राचार्य अभिनय सोनी, संचालकगण कीर्ति दुबे, अभय खंडेलवाल और नवनीत दीवान ने शुभकामनाएं दी हैं। संस्था के लिए कक्षा 12 वीं का यह पहला परीक्षा परिणाम था। इसी क्रम में शाला के विद्यार्थियों ने कक्षा 5 वीं और 8 वीं में भी शानदार प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित किया है।

### लगातार बिजली कटौती से परेशान किसान पहुंचे बिजली कंपनी कार्यालय

**सोहागपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती एवं घंटों की ट्रिपिंग से किसान परेशान हैं। परेशान किसान बुधवार को सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों से समस्या निराकरण की मांग की है। किसान रामहजूर पटेल ने बताया कि सोहागपुर क्षेत्र के बांसखापा, बारंगी, किवलारी व आसपास के अन्य गांवों में बिजली ना मिलने की परेशानी है। इस स्थिति से नाराज किसानों ने बुधवार को बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से संपर्क किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि एक सप्ताह से ना गांवों में डीएलएफ की बिजली मिल रही है और ना ही कृषि फीडर में बिजली मिल पा रही है। किसानों की मांग पर अधिकारियों ने मैदानी कर्मचारियों से चर्चा की तथा किसानों को जल्द ही समस्या निराकरण का आश्वासन दिया है।

## पचमढ़ी में गूंजा बाबा साहेब का जयघोष, 135वीं जयंती पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और ज्ञान का प्रतीक : गजभिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती गुरुवार को पचमढ़ी में अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। छावनी परिषद के गांधी गंज स्थित डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध जन, प्रशासनिक अधिकारी और युवाओं ने सम्मिलित होकर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए छावनी परिषद पचमढ़ी के सीईओ राहुल गजभिये ने सपरिवार बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और ज्ञान का प्रतीक है। आज हमें उनके मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, को आत्मसात करने की आवश्यकता है। एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है।



### कई दिग्गजों की रही मौजूदगी

विशिष्ट अतिथि के रूप में पचमढ़ी थाना प्रभारी पदम सिंह मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली, जहाँ नफ़ीस खान, हुजेफा बोहरा, पवन झा, संजय महोरिया और सुनील कोरी जैसे समाजसेवियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिक्षा जगत से योगेश राज सिंह, दिनेश चौधरी, रमेशचंद्र जी, शीतल हाँथगैया और रागिनी हाँथगैया ने भी बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

### युवा शक्ति ने संभाली कमान

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अनुसूचित जाति युवा वर्ग की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और सुचारू संचालन में पूर्व पार्षद प्रशांत मोन्टी, सिद्धार्थ कटारिया, 'पचमढ़ी जिप्सी वाला' वलॉगुर, टिंकू चौधरी, सौरभ बुशैल, अंकित राज और हिमांशु चांडेकर ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### समयावधि में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट कराएं

**हरदा।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं जैसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के सभी हितग्राहियों को उनका डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेशन कराना अनिवार्य है। उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने इन योजनाओं के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने संबंधित पंचायत अथवा नगरीय निकाय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होने कहा कि यदि कोई हितग्राही निर्धारित समयावधि में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट उपलब्ध नहीं कराता है, तो उसकी पेंशन राशि का भुगतान अस्थायी रूप से रोका जा सकता है।

### लाभ से वंचित बेटियां अब दोबारा कर सकेंगी आवेदन

**हरदा।** उच्च शिक्षा विभाग ने गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल दोबारा खोले जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना का लाभ पाने से किसी कारणवश वंचित रह गई बेटियों को, उक्त योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विभाग को निर्देशित किया था। उच्च शिक्षा विभाग ने गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना के लिए स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 पुनः खोला है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना का लाभ पाने से वंचित रह गई बेटियां, अब स्कॉलशिप पाने के लिए दोबारा आवेदन कर सकेंगी।

### जुआ के अड्डे पर पुलिस का छापा, 25 हजार जब्त

**हरदा।** जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में मोरगढ़ी गांव के एक खेत में चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारा। इस कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 25,700 रुपए नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस को मुखबिर से जुए की सूचना मिली थी। इसी आधार पर, उपनिरीक्षक मानवेन्द्र भदौरिया के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने शाम 6 बजकर 20 मिनट पर मोरगढ़ी गांव के खेत में दबिश दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आशीष राय (42, किसान मोहल्ला, हरदा), नरसिंह पटेल (50, खिरकिया), इकरार हसन (42, पाटलिया माल, खंडवा), अशोक ठाकुर कोरकू (26, कसरावत, खंडवा), दुर्गेश अहिरवार (34, फेफरी सरकार, खंडवा) और चरण सिंह पवार (32, टिगरिया, खंडवा) के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से और जुआ की फड़ से कुल 25,700 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। सभी आरोपियों के खिलाफ छीपाबड़ थाने में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### जिले के 5 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण नहीं करने वाले जिले के 5 उर्वरक विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया।

दूधकच्छ व धनगांव में केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया अधिकारियों को निर्देश किसानों को दिक्कत न हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के ग्राम दूधकच्छ एवं धनगांव में गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि गेहूँ बेचने आने वाले किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर कोई असुविधा न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने बिरजाखेड़ी एवं दूधकच्छ में सड़क निर्माण के लिये भू-अर्जन कार्य का निरीक्षण कर समय सीमा में सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने ग्राम पानतलाई एवं धनगांव में आंगनवाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण कर आंगनवाड़ी केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिये। ग्राम पानतलाई में हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की जानकारी ली तथा यहां वाशबेसिन एवं टायलेट की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिये। ग्राम पानतलाई एवं धनगांव में उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण कर वहां राशन वितरण की व्यवस्थाएं देखी। साथ ही राशन वितरण सूची से अपात्रों के नाम काटने के निर्देश दिये। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### रबी उपार्जन के लिए किसान आधार को बैंक खाते से करवाएं लिंक

जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से शुरू हो चुका है। इस प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली को अनिवार्य किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदोरिया ने बताया कि पंजीकृत किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में शासन द्वारा एक रूपया भेजा गया हैं। यह एक सत्यापन प्रक्रिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फसल का पैसा सीधे किसान के सही खाते में जाए। भदोरिया ने बताया कि जिन किसानों के खाते आधार से लिंक नहीं हैं, उन्हें एक रूपये का भुगतान विफल हो गया है। ऐसे किसानों को फसल बेचने के लिए ह्यस्लॉट बुकह्व करते समय पोर्टल पर भुगतान विफल होने का मैसेज दिखाई दे रहा है। जब तक यह भुगतान सफल नहीं होता, किसान अपना स्लॉट बुक नहीं कर पाएंगे। उन्होने बताया कि ऐसे किसान जिनका भुगतान विफल हुआ है, वे तुरंत अपनी संबंधित बैंक शाखा में जाकर अपने खाते को आधार से लिंक कराएं और उसे एनपीसीआई पोर्टल पर सक्रिय करवाएं ताकि भुगतान सफल हो सके। जिला कार्यालय द्वारा ऐसे सभी किसानों को दूरभाष के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करें ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग में कोई असुविधा न हो।

### ग्रीष्मकालीन मूंग फसल हेतु कृषि विज्ञान केंद्र की सलाह

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने ग्राम उड़ा, चारखेड़ा, डगवानिमा एवं अतरसमा में फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम उड़ा के किसान नरेंद्र तिवारी के खेत के भ्रमण के दौरान मूंग फसल के पौधों में उकठा रोग के लक्षण दिखाई दिये। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने बताया कि यह एक कवकजनित बीमारी है, जो फ्यूजेरियम के कारण होती है। इसके प्रमुख लक्षणों में पौधों का मुरझाना, पीला पड़ना तथा अंततः सूख जाना शामिल है। यह कवक मिट्टी में उपस्थित रहता है, जिससे पौधे आवश्यक पोषक तत्वों का समुचित अवशोषण नहीं कर पाते हैं।

व्यवस्था में सुधार के आसार नहीं

# हेलापड़ावा स्कूल में ताला शिक्षक व विद्यार्थी नदारद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

इस आदिवासी अंचल में बुनियादी शिक्षा-व्यवस्था में सुधार होने के आसार नहीं दिखाई दे रहें हैं। बुधवार को इस आशय की विशेष-रिपोर्ट प्रकाशन के बाद भी हालात जस के तस हैं। गुरूवार को शा.एकीकृत माध्यमिक विद्धयालय हेलापडावा में ताला लगा होने से स्थिति प्रकाश में आई है। यह प्रतिनिधि वहां गुरूवार को अपरान्ह पहुंचा तो स्कूल भवन में ताला लगा हुआ था। इस मामले में संकुल प्रभारी संजय श्रीवास और जनशिक्षक रुमसिंह जाधव से दूरभाष पर नेटवर्क समस्या से स्पष्ट रूप से प्रतिक्रया नहीं मिल सकी है।

### बीआरसी के निर्देशों का असर नहीं

*ज्ञातव्य रहे कि खबर प्रकाशन की जानकारी मिलते ही जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसी राघवेन्द्र जोशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिसमें कहा गया है कि कोई भी शिक्षक अनुपस्थित पाए जाते हैं तो वेतन काटने एवं अनुशासनात्मक कारवाई प्रस्तावित की गई है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर शिक्षक स्वयं उत्तरदायी होंगे एवं शाला के प्रधान पाठकों की जिम्मेदारी तय की जावेगी। यह जिम्मेदारी प्रधान पाठकों की है। उन्होंने स्वयं और उनके शिक्षक नियमित रूप से शाला में निर्धारित समय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि डीपीसी खेमचंद सेन द्वारा निर्देश के बाद हडकंप मचा हुआ है।*

# गणगौर महोत्सवः माता-बहनों ने दिए पारंपरिक झालरे, भजनों से भक्तिमय माहौल हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालागांव



ग्राम बुंदड़ा में आयोजित गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के पांचवे दिवस विभिन्न मंडलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं।

दिन के समय माता-बहनों एवं गोरनी बाई द्वारा आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झालरे दिए गए। इस दौरान आसपास से आई महिला मंडलियों ने भी सुंदर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम की माताएं बहने द्वारा सुंदर माता रानी के पंडाल में झालरे दिए जाते हैं , मां गणगौर की आरती कर सभी मेवा प्रसादी प्राप्त करते हैं वहीं रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में गणगौर मंडल हरदा द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मंडलों के भजनों और पारंपरिक गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गणगौर महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग मंडलों की प्रस्तुतियां देखने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह बना हुआ है। आयोजन परिवार के ओमप्रकाश सिनगाने ,रामनिवास सिनगाने निशान्त सिनगाने सभी मंडलों का स्वागत किया गया साथ ही सभी मंडल एवं ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया।

सिस्टरों और मैट्रन के बीच विवाद गहराया

# जिला अस्पताल में ड्यूटी लगाने को लेकर ड्यूटी आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला अस्पताल में गुरुवार को ड्यूटी लगाने को लेकर सिस्टरों और मैट्रन के बीच विवाद हो गया। सिस्टरों ने मैट्रन पर ड्यूटी आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाया है, जबकि मैट्रन ने इन आरोपों को निराधार बताया है।

जिला अस्पताल में नियमित और संविदा पदों पर कुल 85 सिस्टरें कार्यरत हैं। इनमें से लगभग 10-12 सिस्टरें विभिन्न कारणों से छुट्टी पर रहती हैं, जिससे अस्पताल की व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। गुरुवार को दस से अधिक सिस्टरों ने मैट्रन के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त किया। पिछले छह सालों से जिला अस्पताल में पदस्थ सिस्टर सुरेखा साकरे ने आरोप लगाया कि उन्हें एसएनसीयू का अनुभव न होने के बावजूद वहां ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। उनका 17 महीने का बच्चा है, जिसकी देखभाल करने में उन्हें परेशानी हो रही है। उन्होंने इस संबंध में सीएमएचओ को लिखित शिकायत भी दी है। सिस्टर प्रिया मालवीय ने बताया कि जब उनकी नाइट ड्यूटी लगती है, तो चार-पांच दिनों के भीतर ही उन्हें फिर से नाइट ड्यूटी पर लगा दिया जाता है। वहीं, सालोनी दुबे का कहना है कि ड्यूटी लगाने में भेदभाव होता है; कुछ लोगों को बार-बार नाइट ड्यूटी दी जाती है, जबकि कुछ को उनकी सुविधा के अनुसार केवल दिन में ही ड्यूटी पर लगाया जाता है। एक अन्य सिस्टर दीपिका चावरे ने शिकायत की कि वह चार महीने से सीसीएल (चाइल्ड केयर लीव) के लिए आवेदन कर रही हैं, लेकिन उनका आवेदन स्वीकार नहीं किया जा रहा है। दूसरी ओर, मैट्रन गीता वर्मा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह नियमानुसार सिस्टरों की ड्यूटी लगा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण अस्पताल के सभी वार्डों में व्यवस्था बनाए रखनी होती है। मैट्रन के अनुसार, एसएनसीयू सहित तीन वार्ड उनकी पहली प्राथमिकता में रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एसएनसीयू वार्ड का स्टाफ छुट्टी पर है, इसलिए वहां ड्यूटी लगाई गई है। मैट्रन ने भेदभाव के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।

खनिज विभाग ने जांच कार्रवाई की

# खनिज अवैध उत्खनन में संलग्न 2 पोकलेन मशीन, 1 डंपर समेत 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

खनि अधिकारी प्रगति सोनवाने व सहा खनि अधिकारी चैनसिंह डामोर एवं खनि निरीक्षक देवेन्द्रसिंह की टीम द्वारा जिला में आकस्मिक जांच के दौरान हंडिया हरदा फोरलेन मार्ग ग्राम- कुसिया बायपास के पास वाहन डंपर नं. एमपी 09 एचजे 0105 खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुये जप्त किया गया।

डंपर बिना वैद्य अभिवहन पास (रॉयल्टी) होने से वाहन को चालक मुकेश आत्मज तोताराम निवासी हीरापुर, तहसील हंडिया वाहन मालिक राहुल प्रजापति आत्मज बाबूलाल प्रजापति निवासी हंडिया से जब्त कर पुलिस थाना हंडिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इसी प्रकार कार्यवाही करते हुये हीरापुर माल तह खिरकिया मे पोकलेन मशीन जिसका ई.एस.एन. नम्बर 84581756 अवैध खनिज मुरूम उत्खनन करते पाई गई। पोकलेन को वाहन चालक राजकुमार इवने निवासी बीड, तहसील व जिला हरदा तथा वाहन मालिक भूपेन्द्र आत्मज जगदीश कीर नि हरीपुरा माल, तह खिरकिया से जप्त कर पुलिस थाना छीपाबड, तहसील खिरकिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। ग्राम-झाडबीडा, तह रहटगांव से पोकलेन मशीन हुंडई कंपनी मॉडल नं. आर215एल जिसका सीरियल नं. एन635डी01169 (पीला कलर) मुरूम उत्खनन करते पाई गई। पोकलेन मशीन को आपरेटर मधुसिंग आत्मज मोजीलाल ग्राम रवांग तहसील रहटगांव से जप्त कर पुलिस थाना रहटगांव जिला हरदा में सुरक्षार्थ खडा किया गया। ग्राम आलमपुर, तहसील रहटगांव से फार्मट्रेक पावर मेक्स (नीला कलर) बिना नम्बर जिसका चे.नं. टी052735960एफपी को वाहन चालक अनूप कटारे आ बदामीलाल निवासी छिदगांव मेल, तहसील टिमरनी से जप्त कर पुलिस थाना रहटगांव, तह रहटगांव जिला हरदा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया एवं टिमरनी सोडलपुर रोड टिमरनी जिला हरदा से वाहन ट्रेक्टर कं एमपी47जेडडी9096 खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुये पाया गया को वाहन चालक लक्ष्मण केवट आत्मज लखनलाल निवासी बिच्छापुर तहसील टिमरनी से जप्त कर पुलिस थाना टिमरनी में सुरक्षार्थ खडा किया गया, जिसके प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किया जावेगा। प्रकरण में म.प्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधान के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी एवं अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# 12वीं जिला मैरिट में द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट का जलवा स्वाति मेवाड़ा 481 अंक के साथ जिले में अव्वल

## जिले के 13 होनहार मैरिट में ऑक्सफोर्ड की छात्रा ने मारी बाजी, आष्टा-बिलकिसगंज के छात्र भी चमके

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी हासे मुख्य परीक्षा 2026 की जिला मेरिट लिस्ट में द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट हाई स्कूल, सीहोर का नाम सबसे ऊपर रहा। स्कूल की होनहार छात्रा स्वाति मेवाड़ा ने 481 अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### ऑक्सफोर्ड की बेटी बनी जिला टॉपर

गजराजसिंह मेवाड़ा की बेटी स्वाति ने 475 अंक लाकर न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल का नाम भी रोशन किया। स्वाति के साथ शासकीय संदीपनी बॉयज हासे आष्टा के पुरुषोत्तम सेन और शासकीय गर्ल्स हाई स्कूल बकतरा की काजल शर्मा ने भी 481-481 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से पहला स्थान पाया।

**जिले के हायर सेकंडरी की टॉप सूची में इन छात्रों ने बनाया स्थान**

| रैंक | नाम | विद्यालय | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वाति मेवाड़ा | द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट हासे स्कूल, सीहोर | 475 |
| 1 | पुरुषोत्तम सेन | शासकीय संदीपनी बॉयज हासे, आष्टा | 481 |
| 1 | काजल शर्मा | शासकीय गर्ल्स हाई स्कूल, बकतरा | 481 |
| 2 | रानू मेवाड़ा | नूतन बाल विद्या मंदिर हासे, इंग्लिशपुरा | 480 |
| 2 | वैभवी मंत्री | आरजीएम कॉन्वेंट हासे, चांदबड़ | 480 |
| 2 | आरुषि बुधवंत | शासकीय संदीपनी हाई स्कूल, बिलकिसगंज | 480 |



स्वाति मेवाड़ा

**स्कूल प्रबंधन में जश्नः** परिणाम घोषित होते ही द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने स्वाति की इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि स्वाति नियमित पढ़ाई और अनुशासन की मिसाल है। उसकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

**मेरिट में शामिल अन्य होनहारः** तीसरे स्थान पर 476-476 अंक के साथ आयुष जाटव (संस्कृति वीएमएचएस आष्टा), सलोनी डांगी (मार्टिनेट कॉन्वेंट आष्टा), बृजेश प्रसाद (गायत्री वीएमएचएस चरनाल) और पद्मा परमार (शासकीय मॉडल हासे आष्टा) रहे। इसके अलावा शिवरंजनी चौहान ने 475, सत्या मेव सेन ने 475 और रामलखन सोंधिया ने 474 अंक हासिल किए।

**आष्टा का रहा दबदबाः** इस बार मेरिट लिस्ट में आष्टा क्षेत्र के स्कूलों का दबदबा रहा। अकेले आष्टा से 5 छात्र मेरिट में आए। बिलकिसगंज से भी 3 छात्राओं ने जगह बनाई।

गुणवत्ता व समयसीमा पर विशेष जोर

# सीवरेज परियोजना का नपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के समग्र विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर पालिका द्वारा संचालित सीवरेज परियोजनाओं का बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बढ़िया खेड़ी एवं मंडी क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं सुरक्षा पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



नगर में 26 करोड़ की लागत से सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कार्य किया जा रहा है, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से संचालित है। मंडी क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है, जिसके अंतर्गत करीब 28 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही एक आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे गंदे पानी का वैज्ञानिक तरीके से शोधन कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

इसी प्रकार बढ़िया खेड़ी, इंदिरा नगर एवं इंदौर नाका क्षेत्र में लगभग 11 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है। इस अंतर्गत करीब 30 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे इन क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही जलभराव एवं गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। यह परियोजना पूर्ण होने के पश्चात हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में उपयोग हो रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा प्रत्येक चरण पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। परियोजना के तहत कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा स्थानीय नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इस पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह एवं इंजीनियर साथी के साथ नगर पालिका के उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय, लोकेंद्र वर्मा, राहुल राय, दिलीप राठौर आदि उपस्थित थे।

# समेरिटन्स बायां का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**सीहोर।** समेरिटंस ग्रुप के बायां विद्यालय में कक्षा 10 वीं में 14 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 5 बालिकाएं और 9 बालक शामिल थे। विद्यालय के छात्र तनिष्क नगर ने सर्वाधिक 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के 14 में से 9 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य श्रीमती अपर्णा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। परिणाम आने के बाद विद्यालय पहुंचे बच्चों ने जमकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय में अन्य शाखाओं के प्राचार्य श्रीमती निधि दुबे, जागृति सिंह, कल्पना शर्मा, पिंकी झा, परीक्षा नियंत्रक आरके रघुवंशी, आरके सिंह, भाग्यश्री दुबे, वैशाली तिवारी आदि उपस्थित थे।